आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 20.09.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ज़रूरी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों का जायज़ा लिया–सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल जोधपुर दौरे पर–विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।
- निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 8 हज़ार 840 नए मतदान केन्द्रों को मंजूरी दी–पुनर्गठन के बाद इनकी संख्या बढ़कर 61 हज़ार 309 हुई।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता ज़रूरी है। गुजरात के भावनगर में आज 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य 2047 तक वैश्विक समुद्री व्यापार में अपनी हिस्सेदारी को तीन गुना करना है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने 32 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 7 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की कई प्रमुख समुद्री परियोजनाओं के साथ मुंबई अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का भी उद्‌घाटन किया। श्री मोदी ने कहा कि देश एक वैश्विक समुद्री शक्ति के रूप में उभरने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। भारत के समुद्री तट भविष्य के विकास के प्रवेश द्वार बनेंगे।

000

प्रधानमंत्री मोदी के 25 सितम्बर को प्रस्तावित बांसवाड़ा दौरे की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बांसवाड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने छोटी सरवन के नापला गाँव में माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना स्थल का निरीक्षण किया, जहाँ श्री मोदी इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने सभा स्थल और अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्यक्रम को भव्य और सुचारू बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अपने प्रवास के दौरान, शहर के कुशलबाग क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित 'सेवा शिविर' का अवलोकन भी किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से बातचीत की। इसके बाद, वे निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने टीबी के मरीजों को पोषण किट वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से अंत्योदय की भावना साकार हो रही है और आमजन को प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन कार्ड जैसी सेवाएं तुरंत मिल रही हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष में उनकी जीवनी पर आधारित फिल्म "चलो जीते हैं" का प्रदर्शन प्रदेश के सिनेमाघरों और विद्यालयों में जारी है। विभिन्न जिलों में दिखाई जा रही इस फिल्म की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। जोधपुर के एक सिनेमाघर में फिल्म देखने के बाद एक युवा ने अपने विचार कुछ इस तरह व्यक्त किये।

अलवर में फिल्म देखने के बाद दर्शकों ने इसे प्रेरणादायी बताया।

000

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण–कैट के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। श्री गवई ने कहा कि ये न्यायाधिकरण सरकारी अधिकारियों की कार्यकुशलता और न्याय तक पहुँच में सुधार के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने न्यायाधिकरण के निर्णयों में अधिक एकरूपता और इसके कामकाज में पारदर्शिता की आवश्यकता पर बल किया। कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि न्यायाधिकरण का आदेश सही होने पर भी अधिकारी अपील दायर करने पर अड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वतः अपील की इस प्रवृत्ति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि सम्मेलन का उद्देश्य न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए आगे के उपायों पर विचार–विमर्श करना है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गवई ने आज बीकानेर में भी एक कार्यक्रम में भाग लिया। संविधान के 75 वर्ष और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की भूमिका विषय पर आयोजित इस सेमीनार में केन्द्रीय कानून मंत्री भी मौजूद रहे। ये कार्यक्रम कानून मंत्रालय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में रखा गया।

000

जीएसटी में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के प्रयास में, रेल मंत्रालय ने ट्रेनों और रेलवे परिसरों में उपलब्ध पैकेज्ड पानी की अधिकतम खुदरा कीमत–एमआरपी में कटौती की घोषणा की है। इसके तहत, रेल नीर और अन्य सभी ब्रांड की एक लीटर की पैकेज्ड पेयजल बोतल की कीमत पहले के पंद्रह रुपये से घटाकर चौदह रुपये कर दी गई है। इसी तरह, आधा लीटर पानी की बोतल की कीमत दस रुपये से घटाकर नौ रुपये कर दी गई है। ये कीमतें इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगी। गौरतलब है कि जीएसटी परिषद ने 3 सितम्बर को जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। ये सभी सुधार परसों से लागू हो जाएंगे। इनके लागू होने से आम जनता को काफी फायदा होगा।

000

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कल जोधपुर आएंगे। गृहमंत्री वहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री शाह पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के भवन शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उनका काजरी के अधिकारियों और वैज्ञानिकों से विचार–विमर्श का भी कार्यक्रम है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

उधर, केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज नई दिल्ली से जोधपुर पहुंचे। उन्होंने राज्य स्तरीय अंडर–19 क्रिकेट चैंपियनशिप की विजेता जोधपुर टीम से मुलाकात की। श्री शेखावत ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

000

डीग जिले में स्कूलों में बच्चों को प्रायोगिक शिक्षा देने के लिए प्रयोगशालाएं बनवाई जाएंगी। इन पर लगभग सवा सात करोड़ रुपए खर्च किये जाएंगे। जिले के सभी ब्लॉकों के 13 सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 24 प्रयोगशालाएं बनाने की प्रशासनिक मंजूरी जारी हो गई है। हमारी संवाददाता ने बताया कि इनमें 8 भौतिक विज्ञान, 9 रसायन विज्ञान और 7 जीव विज्ञान की प्रयोगशालाएं शामिल हैं।

000

प्रदेश में मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन के बाद अब इनकी संख्या बढ़कर 61 हजार 309 हो गई है। 8 हजार 840 नए मतदान केन्द्रों को निर्वाचन आयोग ने मंजूरी दे दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1 हजार 200 मतदाता ही हो सकते हैं। प्रदेश में 17 हजार 829 मतदान केंद्र ऐसे थे जहाँ मतदाताओं की संख्या 1 हजार 200 से अधिक थी। इन सभी केन्द्रों का पुनर्गठन कर नए केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन सभी केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए ज़रूरी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय डूंगरपुर की ओर से झोथरी ब्लॉक के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय गैंजी में विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा, पोषण पखवाड़ा और हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर ये आयोजन हुए। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

000

प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों से मानसून विदा हो चुका है, हालांकि पूर्वी जिलों में कई स्थानों पर बरसात हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में भीलवाड़ा के बिजौलिया में सबसे ज्यादा 10 सेंटीमीटर पानी बरसा। इनके अलावा जयपुर, टोंक, बांसवाड़ा, करौली, अजमेर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, कोटा

और बूंदी में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हुई। विभाग ने आज जयपुर, कोटा, अजमेर और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में बादल गरजने के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। कोटा और उदयपुर संभाग तथा आस–पास के जिलों में आगामी 3–4 दिन बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने भरतपुर जिले की नदबई तहसील के तहसीलदार विनोद कुमार मीना को 80 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। ये रिश्वत एक ज़मीन के मामले में म्यूटेशन खोलने के लिए मांगी गई थी। शिकायत की पुष्टि के बाद, एसीबी की टीम ने कार्रवाई कर तहसीलदार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मामले में आगे की जांच जारी है।

000